कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-28.11.2023

पशु क्रूरता के मामले मे अभियुक्त मो0 शादिक थाना रोहनिया पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार, कब्जे से एक अदद ट्रक मे कुल 24 राशि पड़वे बरामद ।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ़्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त रोहनिया के नेतृत्व में थाना रोहनिया पुलिस टीम द्वारा 01 ट्रक मे 24 राशि पड़वो को क्रूरता पूर्वक लादकर मोहनसराय अण्डरपास से मिल्कीचक की ओर आने और जी0टी0रोड के रास्ते प्रयागराज वध हेतु ले जाने की सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए अभियुक्त मो0 शादिक पुत्र मो0 साहिद निवासी आरुन शोल कुरैशी मोहल्ला पश्चिम बंगाल को मोहनसराय तिराहा मातलदेई मोड़ से आज दिनांक-28.11.2023 को समय करीब 04.15 बजे गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ़्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना रोहनिया पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-0366/2023 धारा 11 पशु क्रूरता निवारण अधिनियम पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

विवरण पूछताछ-अभियुक्त मो0 शादिक ने पूछताछ करने पर बताया कि मै उक्त जानवरों को अलग-अलग जगहो से ले जाकर प्रयागराज में एकत्रित करता हूँ। वहां से उनको ट्रको मे लादकर वध हेतु अलग-अलग जगहो पर जरुरत के हिसाब से भेज दिया जाता है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

मो0 शादिक पुत्र मो0 साहिद निवासी आरुन शोल कुरैशी मोहल्ला पश्चिम बंगाल, उम्र करीब 34 वर्ष।

बरामदगी का विवरण- कुल 24 राशि पड़वा, घटना में प्रयुक्त एक अदद वाहन (ट्रक) UP 70 FT 7400 व जामा तलाशी से एक अदद की-पैड मोबाइल FZONE कम्पनी मय सिम कार्ड तथा 5000/- रुपये नगद।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1-उ0नि0 राहुल रंजन थाना रोहनिया कमिश्नरेट वाराणसी।
2-हे0का0 हरिन्द्र सिंह थाना रोहनिया कमिश्नरेट वाराणसी।
3-का0 शिवम पाण्डेय थाना रोहनिया कमिश्नरेट वाराणसी।
4-का0 शीत कुमार वर्मा थाना रोहनिया कमिश्नरेट वाराणसी।
5-का0 राम गोविन्द यादव थाना रोहनिया कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी